दूरभाष – 05278-245957
फैक्स – 05278-248123

# डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, (उ0प्र0)

पत्र संख्याः लो0अ0वि0 / सम्ब0 / 2020 / 3305 दिनांक : 22/09/ 2020

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

**विषयः**–बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रममों / विषयों में सत्र 2020–21 से सम्बद्धता विस्तरण प्रदान किये जाने हेतु आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों / विषयों (**बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर**) जिनकी सम्बद्धता दिनांक 30.06.2020 को समाप्त हो गयी है तथा अभी तक सम्बद्धता विस्तरण किये जाने हेतु आवेदन नहीं किया गया है, को उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 662 / सत्तर–2–2020–16(165) / 2012टी0सी0, दिनांक 28 अगस्त 2020 के अनुपालन में उच्च स्तरीय सम्बद्धता समिति के निश्चयानुसार अवगत कराना है कि निम्नांकित समय सारिणी के अनुसार दिनांक 25.09.2020 तक निरीक्षण मण्डल शुल्क रू0 20.000.00(बीस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट वित्त अधिकारी डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के पक्ष में देय हो। निरीक्षण मण्डल प्राप्त करने हेतु निम्न तिथियों के अन्दर आवेदन करना सुनिश्चित करें।

| | |
|---|---|
| 1. आवेदन कर निरीक्षण मण्डल प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 25.09.2020 |
| 2. निरीक्षण आख्या विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि | दिनांक 28.09.2020 |
| 3. प्रकरणों के निस्तारण की अन्तिम तिथि | दिनांक 30.09.2020 |

निर्धारित तिथि तक आवेदन न किये जाने की स्थिति में समझा जायेगा कि सम्बन्धित महाविद्यालय सत्र 2020–21 में सम्बद्धता प्राप्त करने के इच्छुक नहीं है। प्रत्येक दशा में उक्त तिथि तक प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, यदि समय से प्रस्ताव / निरीक्षण आख्या प्राप्त नहीं होती है तो सम्बद्धता विस्तरण प्रदान न किये जाने के सम्बन्ध में समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सेक्टर–एम, स्मृति उपवन, आशियाना बिजली पासी किला, आलमबाग, लखनऊ।
3. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 सेल को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त पत्र महाविद्यालय के लॉग–इन पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव